# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला

# जिला मण्डी
# हिमाचल प्रदेश

## 13वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

## मुख्य अतिथि

**डॉ0 कल्याण चंद मंढोत्रा**

प्राचार्य (कार्यकारी), राजकीय महाविद्यालय
द्रंग स्थित नारला, जिला मण्डी,
हिमाचल प्रदेश।

## वार्षिक प्रतिवेदन 2019–20

प्रस्तुति :–
डॉ0 भारती शर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर

दिनांकः 13 मार्च, 2020

# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला,
# जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र : 2019–20

मान्यवर,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 13वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पधारने पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य परम आदरणीय डॉ0 कल्याण मंढोत्रा, कार्यकारी प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, द्रंग स्थित नारला विराजमान हैं।

महाविद्यालय परिवार आप जैसे महानुभाव को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। आप एक शान्त स्वभाव, मृदु भाषी व सादगी भरे व्यक्तित्व के मालिक हैं। मुख्य अतिथि महोदय की कर्मठता, समर्पण एवं सेवा–भाव से हम सभी परिचित है।

हमारे मध्य विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, व गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु उपस्थित हैं, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ।

घोघर धार के आँचल में बसा, हिमरी गंगा के चरणों में स्थित सुरम्य घाटियों से घिरा महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया। इस महाविद्यालय की स्थापना से पहाड़ी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि के रास्ते खुले हैं। महाविद्यालय अपने गौरवमय इतिहास का एक दशक पूर्ण कर चुका है और शैशव से बाल्यावस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी विकास यात्रा के अन्तर्गत वर्तमान में यह महाविद्यालय; वल्लभ क्लस्टर विश्वविद्यालय, मण्डी का हिस्सा बन चुका है। भविष्य में इस संस्था के विकास व उत्कर्ष के लिए आप सभी का मार्गदर्शन आपेक्षित है।

महोदय, मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ।

## प्रवेश विवरण :–

वर्तमान शैक्षणिक–सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में प्रथम व द्वितीय एवं षष्ठ सत्र में कक्षाएं चल रही हैं। जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 472 है। जिसमें 166 छात्र तथा 306 छात्राएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी0 ए0 प्रथम वर्ष | 62 | 102 | 164 |
| बी0 ए0 द्वितीय वर्ष | 27 | 65 | 92 |
| बी0 ए0 षष्ठ सत्र | 16 | 66 | 82 |
| बी0एससी0 प्रथम वर्ष | 23 | 41 | 64 |
| बी0एससी0 द्वितीय वर्ष | 13 | 10 | 23 |
| बी0एससी0 षष्ठ सत्र | 19 | 14 | 33 |
| बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष | 02 | 02 | 04 |
| बी0 कॉम0 द्वितीय वर्ष | 01 | 03 | 04 |
| बी0 कॉम0 षष्ठ सत्र | 03 | 03 | 06 |
| कुल योग | 166 | 306 | 472 |

# कर्मचारियों की स्थिति :–

## शिक्षक वर्ग :–

महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं, जिनमें 18 प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जबकि प्राचार्य का पद रिक्त है।

## गैर शिक्षक वर्ग :–

गैर शिक्षक वर्ग में 22 पद सृजित हैं, जिनमें 08 पदों पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चतुर्थ श्रेणी में 08 पद सृजित हैं, जिनके स्थान पर 06 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस तरह गैर शिक्षक वर्ग में 14 पद तथा चतुर्थ श्रेणी में 02 पद रिक्त हैं।

**रिक्तियाँ :–** महाविद्यालय के प्राचार्य का पद, पुस्तकालय स्टाफ में तीन, प्रयोगशला स्टाफ में आठ, वरिष्ठ सहायक का एक, संगीत विभाग में तबला अनुदेशक का एक, स्टोर कीपर का एक तथा सफाई कर्मचारी के दो पद रिक्त हैं। रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है :–

| विभाग / वर्ग | स्वीकृत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|
| शिक्षक वर्ग | प्राचार्य – 01 पद | 01 पद |
| | शिक्षक – 18 पद | nil |
| | पुस्तकालयाध्यक्ष – 01 पद | 01 पद |
| | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष – 01 पद | nil |
| | पुस्तकालय परिचर – 01 पद | 01 पद |
| | पुस्तकालय रीस्टोरर – 01 पद | 01 पद |
| | एस0एल0ए0 – 02 पद | nil |
| | जे0एल0ए0 – 04 पद | 04 पद |
| | एल0ए0 – 05 पद | 04 पद |
| | अधीक्षक – 01 पद | nil |
| | वरिष्ठ सहायक – 01 पद | 01 पद |
| | लिपिक – 03 पद | nil |
| | स्टोर कीपर – 01 पद | 01 पद |
| | तबला अनुदेशक – 01 पद | 01 पद |
| चतुर्थ श्रेणी | सेवादार – 03 पद | nil |
| | चौकीदार – 02 पद | nil |
| | सफाई कर्मचारी – 02 पद | 02 पद |
| | माली – 01 पद | nil |

## स्थानान्तरण :–

इस शैक्षणिक सत्र में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 रविन्द्र कुमार (वाणिज्य) इस महाविद्यालय से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी को तथा उनके स्थान पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 भारती शर्मा (वाणिज्य), वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी से यहाँ स्थानांतरित हुए।

## सेवानिवृत्ति :–

| Teaching Category | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Sr.No | Subject | Sanctioned Post | Filled | Vacant |
| 1 | Principal | 1 | | 1 |
| 2 | English | 2 | 2 | |
| 3 | Hindi | 1 | 1 | |
| 4 | History | 1 | 1 | |
| 5 | Pol.Science | 1 | 1 | |
| 6 | Economics | 1 | 1 | |
| 7 | Sociology | 1 | 1 | |
| 8 | Geography | 1 | 1 | |
| 9 | Music | 1 | 1 | |
| 10 | Math | 1 | 1 | |
| 11 | Physics | 2 | 2 | |
| 12 | Chemistry | 2 | 2 | |
| 13 | Botany | 1 | 1 | |
| 14 | Zoology | 1 | 1 | |
| 15 | Commerce | 2 | 2 | |
| Non-Teaching Category | | | | |
| Sr.No | Name of Post | Sanctioned Post | Filled | Vacant |
| 1 | Supdt-II | 1 | 1 | |
| 2 | Sr. Assistant | 1 | - | 1 |
| 3 | Clerk | 3 | 3 | |
| 4 | Store Keeper | 1 | - | 1 |
| 5 | Librarian | 1 | - | 1 |
| 6 | Asstt. Librarian | 1 | 1 | |
| 7 | Library Attendent | 1 | - | 1 |
| 8 | Library Restorer | 1 | - | 1 |
| 9 | SLA | 2 | 2 | |
| 10 | JLA | 4 | - | 4 |
| 11 | LA | 5 | 1 | 4 |
| 12 | Peon | 3 | 3 | |
| 13 | Chowkidar | 2 | 2 | |
| 14 | Gardener | 1 | 1 | |
| 15 | Sweeper | 2 | - | 2 |
| 16 | Tabla Instructer | 1 | - | 1 |

प्राचार्य अरविन्द सहगल अपना सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात् 31 अगस्त, 2019 को इस महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए।

## शैक्षणिक परिणाम :–

| संकाय | सत्र | क्रम संख्या | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम वर्ष ($1^{st}$ Year.) | 1 | सोनिया ठाकुर | प्रथम |
| | | 2 | प्रीति ठाकुर | द्वितीय |
| | | 3 | सुनील ठाकुर | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम वर्ष ($1^{st}$ Year.) | 1 | सतीश कुमार | प्रथम |
| | | 2 | रीना | द्वितीय |
| | | 3 | शिवानी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | प्रथम वर्ष ($1^{st}$ Year.) | 1 | शालू | प्रथम |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | तृतीय सत्र ($3^{rd}$ Sem.) | 1 | कृतिका | प्रथम |
| | | 2 | रीतिका शर्मा | द्वितीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | चतुर्थ सत्र ($4^{th}$ Sem.) | 1 | कृतिका | प्रथम |
| | | 2 | रीतिका शर्मा | द्वितीय |
| कला संकाय (Arts) | पंचम सत्र ($5^{th}$ Sem.) | 1 | पूजा कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | संगीता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | पूनम देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | पंचम सत्र ($5^{th}$ Sem.) | 1 | प्रवीण कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | कुमारी दिशा | द्वितीय |
| | | 3 | विजय लक्ष्मी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | पंचम सत्र ($5^{th}$ Sem.) | 1 | नीलम कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | तुलसी देवी | द्वितीय |
| | | 3 | संजय बहादुर | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | षष्ठ सत्र ($6^{th}$ Sem.) | 1 | पूजा कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | गलीता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | संगीता देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | षष्ठ सत्र ($6^{th}$ Sem.) | 1 | प्रवीण कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | विजय लक्ष्मी | द्वितीय |
| | | 3 | कुमारी दिशा | तृतीय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वाणिज्य संकाय<br>(Commerce) | षष्ठ सत्र<br>(6th Sem.) | 1 | नीलम कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | तुलसी देवी<br>&<br>संजय बहादुर | द्वितीय |
| | | 3 | सुभाष | तृतीय |

## केन्द्रीय छात्र परिषद् :–

इस सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक वरीयता क्रम के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन किया गया। 10 अक्तूबर, 2019 को शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें मनोनीत सदस्यों का विवरण इस प्रकार से है:–

| क्रम सं0 | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | सुनीता | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 2. | उपाध्यक्ष | करिश्मा | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 3. | सचिव | देवांशी | बी0एस0 सी0 प्रथम वर्ष |
| 4. | सह–सचिव | बॉबी | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| 5. | कक्षा प्रतिनिधि | शिवानी | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| 6. | कक्षा प्रतिनिधि | सोनिया ठाकुर | बी0ए0 द्वितीय वर्ष |
| 7. | कक्षा प्रतिनिधि | लता | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 8. | कक्षा प्रतिनिधि | पल्लवी वर्मा | बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष |
| 9 | कक्षा प्रतिनिधि | शालू | बी0 कॉम0 द्वितीय वर्ष |
| 10. | कक्षा प्रतिनिधि | अंशुल चौहान | बी0एस0 सी0 प्रथम वर्ष |
| 10. | कक्षा प्रतिनिधि | सतीश कुमार | बी0एस0 सी0 द्वितीय वर्ष |
| 11. | कक्षा प्रतिनिधि | अमन महंत | बी0एस0 सी0 पंचम सर्त्र |

इसके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए निम्नलिखित ग्यारह सदस्य भी नामांकित किए गए हैं :–

| क्रम सं0 | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | एन0एस0एस0 | 1. अमीता कुमारी | बी0ए0 द्वितीय वर्ष |
| | | 2. शालू देवी | बी0ए0 द्वितीय वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **2.** | खेल–कूद | 1. अक्षय कल्याण | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| | | 2. हिमेश कुमार | बी0एस0 सी0 प्रथम वर्ष |
| **3.** | सांस्कृतिक | 1. मोनिका देवी | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| | | 2. उर्मिला | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| **4.** | रेड रिब्बन क्लब | आँचल ठाकुर | बी0ए0 प्रथम वर्ष पंचम सत्र |
| **5.** | रेड क्रॉस सोसाइटी | दिक्षा कुमारी | बी0एस0 सी0 द्वितीय वर्ष |
| **6.** | इको क्लब | अर्चना | बी0ए0 द्वितीय वर्ष |
| **7.** | रोवर | अभिषेक | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| **8.** | रेन्जर | दिशा कुमारी | बी0ए0 प्रथम वर्ष |

## अभिभावक–शिक्षक संघ :–

21 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में अभिभावक–शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन कार्यकारी प्राचार्य, डॉ0 कल्याण चन्द मंढोत्रा की अध्यक्षता में किया गया है। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये :–

| क्रम सं0 | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान | श्री दिनेश कुमार |
| 2. | उपप्रधान | श्रीमती जसवन्त कौर |
| 3. | सचिव | एसोसिएट प्रोफेसर राज कुमार जमवाल |
| 4. | सह–सचिव | श्री नवल किशोर |
| 5. | कोषाध्यक्ष | श्रीमती प्रेम लता |
| 6. | मुख्य सलाहकार | श्री प्रेम चंद |
| 7. | सदस्य | श्री धर्म चंद |
| 8. | सदस्य | श्री शेर सिंह |
| 9. | सदस्य | श्रीमती कलावती |
| 10. | सदस्य | श्रीमती ममता देवी |
| 11. | सदस्य | एसोसिएट प्रोफेसर नीलम शर्मा |
| 12 | सदस्य | असिस्टेंट प्रोफेसर ब्रज नन्दन |
| 13 | सदस्य | असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कुमार |
| 14. | सदस्य | डॉ0 मीना कुमारी |
| 15 | सहयोजित सदस्य | श्री चमन लाल (एस0डी0ओ0) पी0डब्लयू0डी0 |
| 16 | सहयोजित सदस्य | श्री प्रेम चंद (जे0ई0) आई0पी0एच0 |

## <u>छात्रवृत्तियाँ</u> :–

इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है :–

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 08 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 02 |
| 3 | ओ0बी0 सी0 | 05 |
| 4 | आई0 आर0 डी0 पी0 | 04 |
| 5 | कल्पना चावला | 05 |
| 6 | आर्थिक पिछड़ी जाति | 04 |
| | कुल योग | 28 |

## <u>पुस्तकालय</u> :–

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पत्ति होती है तथा इसका आकार संस्था की स्थिति का द्योतक होता है । राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अभी अपने प्रारम्भिक चरण में है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की 3167 बहुमूल्य पुस्तकें हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पुस्तकालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन हेतु हिन्दी के तीन तथा अंग्रेजी का एक दैनिक समाचार पत्र, चार मासिक पत्रिकाएँ तथा एक जर्नल अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव से पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं।

## <u>युवा समारोह</u> :–

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप–III में दिनाँक 03 से 06 अक्तूबर, 2019 तक राजकीय महाविद्याालय हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश में भाग लिया। डॉ. कल्याण चन्द मंढोत्रा द्वारा निर्देशित एवं 'भारतीय नाटी–लोक–नृत्य' प्रतियोगिता में हमारे महाविद्याालय ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। इस टीम की तैयारी में असिस्टेंट प्रोफेसर ललिता, राजकीय महाविद्यालय कोटली तथा इस महाविद्यालय से डॉ0 मीना कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर ममता परमार व वन्दना ने अपनी सराहनीय भूमिका निभायी।

## <u>जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counselling Cell)</u>:-

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने हेतु जीविका परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसके समन्वयक डॉ0 दायक ठाकुर हैं। इसके अंतर्गत 17 फरवरी,

2020 को महाविद्यालय में 'कैरियर एवं काउंसलिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपमण्डलाधिकारी पधर श्री शिव मोहन, रोजगार कार्यालय प्रभारी श्री एस0 आर0 कपूर, रोजगार काउंसलर विप्लव ठाकुर, बागवानी विकास अधिकारी डॉ0 किरण ठाकुर एवं स्वास्थ्य शिक्षक मनोज महाजन उपस्थित थे जिन्होंने परम्परागत रोजगार के स्थान पर रोजगार के नवीन क्षेत्रों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :–

महाविद्यालय में सामुदायिक, सामूहिक एवं सामाजिक सेवा भाव के उद्‌देश्यों की पूर्ति के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई स्थापित की गयी है। जिसके कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर भेद राम हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना में 97 स्वयंसेवक पंजीकृत हैं। नियमित गतिविधियों में महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवियों द्वारा इस सत्र में :–

29 अगस्त, 2019 को 'फिट इंडिया मूवमेंट' कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्रांगण से हरडगलू तक पूर्व प्राचार्य डॉ0 अरविन्द सहगल के नेतृत्व में 10000 कदम की दूरी तय कर शारीरिक विकास व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया।

12 सितम्बर, 2019 को 'वानिकी एवं पर्यावरण बचाव' हेतु महाविद्यालय परिसर में हरड, आँवला, जामुन, कचनार एवं देवदार प्रजाति के लगभग 150 पौधों की रोपाई की तथा समय–समय पर वर्ष भर एक दिवसीय कैम्प लगाकर परिसर में रोपे गये पौधों के तौलिए बनाकर देखभाल व सिंचाई भी की गयी। इसके साथ ही परिसर की साफ–सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

02 अक्तूबर, 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जन्म जयन्ती पर 'प्लास्टिक मुक्त भारत' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग और उचित अपघटन' के लिये शपथ के साथ–साथ परिसर में बिखरे कचरे का निपटान भी किया गया।

31 अक्तूबर, 2019 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के अन्त में एकता दौड़ **(Run for Unity)** का आयोजन भी किया गया।

24 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2019 तक एन0एस0एस0 इकाई के दो स्वयंसेवी सोनू और सावित्री ने राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित पाँच दिवसीय 'राज्य स्तरीय एन0एस0एस0 मेगा कैंप' में भाग लेकर अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया।

24 से 30 दिसम्बर, 2019 तक महाविद्यालय में एन0एस0एस0 के 'सात दिवसीय शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर के उद्‌घाटन अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी के प्राचार्य, डॉ0 राकेश शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। इस शिविर में 51 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। जिसके अर्न्तगत महाविद्यालय में सफाई, सौन्दर्यीकरण, क्यारियों व फूलवारियों का निर्माण तथा झाड़ियों की कटाई का कार्य किया गया तथा बौद्धिक व शैक्षणिक सत्र गतिविधियों में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन भी किया गया। शिविर के समापन अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ0 कल्याण मंढोत्रा मुख्यातिथि के

रूप में उपस्थित थे। ऐसे शिविरों से स्वयंसेवियों में समाजसेवा के माध्यम से चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, टीम भावना, नेतृत्व कौशल, प्रबंधकीय कला, स्वानुशासन व दार्शनिकता के साथ–साथ मार्मिकता और सहृदयता को भी अंगीकार करने में मदद मिलती है जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय है।

## भारत स्काउट एण्ड गाइड :–

इस सत्र में रोवर्स एवं रेन्जर इकाई असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 मीना कुमारी के नेतृत्व में कार्य कर रही हैं। जिसमें 15 रेन्जर्स व 24 रोवर्स को पंजीकृत किया गया है। रोवर्स व रेन्जर्स ने महाविद्यालय में समय–समय पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
13 सितम्बर, 2019 को रोवर्स व रेन्जर्स की इकाई द्वारा एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर महाविद्यालय के परिक्षेत्र में पौध रोपण तथा सफाई की। महाविद्यालय के चार रोवर्स राजेश, अभिषेक, विपिन एवं रोहित कुमार ने रिवालसर, जिला मण्डी में आयोजित पाँच दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला में भाग लिया तथा तीन रोवर्स राजेश, अभिषेक और विपिन ने 26 जनवरी, 2019 को 'गणतन्त्र दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय सलामी परेड में भाग लेकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया।

## इको क्लब (Eco Club) :–

सांईस एण्ड टैक्नालॉजी विभाग के द्वारा महाविद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति छात्रों को जागरूक कराना तथा **Clean & Green** अभियान से जोड़ना है । इको क्लब में इस सत्र में 50 विद्यार्थी नामांकित हैं। इको क्लब के समन्यवक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 ब्रजनन्दन हैं।
13 सितम्बर, 2019 को को महाविद्यालय के प्रांगण में 'स्वच्छ भारत अभियान' कार्यक्रम के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की नालियों की सफाई की तथा प्लास्टिक का कचरा एकत्रित कर व खर–पतवार उखाड़ कर एक कदम स्वचछता की ओर बढ़ाया। इस अवसर पर इको क्लब के सदस्यों ने एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों तथा रोवर एवं रेन्जर के सदस्यों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिक्षेत्र में वृक्षारोपण किया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी /रेड रिबन क्लब :–

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया है जिसमें इस सत्र में 50 छात्र नामांकित हुए हैं। इस क्लब की समन्वयक एसोसिएट प्रोफेसर नीलम शर्मा हैं। दिनांक 05 दिसम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'रेड रिबन क्लब' के सहयोग से 'एडस जागरूकता दिवस' मनाया गया। इस विशेष अवसर पर ए0एम0ओ0 पधर डॉ0 रीना कटवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थी। डॉ0 रीना कटवाल ने विद्यार्थियों को 'एडस' नामक भयंकर बीमारी की विस्तृत

जानकारी प्रदान कर इससे बचने व रोकथाम के उपाय भी सुझाए। विद्यार्थियों ने भी इस बीमारी से जुड़ी अपनी आशंकाओं से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जिनका डॉ0 रीना कटवाल ने बड़ी कुशलता से समाधान किया।

## अन्य गतिविधियाँ :–

21 जून, 2019 को महाविद्यालय में 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 अरविन्द सहगल के साथ–साथ शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। योग के बारे में जानकारी साझा करते हुए डॉ0 अरूण गुलेरिया ने इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने, स्वयं सीखने व दूसरों को भी सीखाने पर बल दिया।

05 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'शिक्षक दिवस' विद्यार्थियों द्वारा बड़ी धूम–धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ0 कल्याण मंढोत्रा सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। छात्रों ने शिक्षक के महत्त्व का गुणगान भाषण व कविता–पाठ के माध्यम से किया।

11 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार 'जल सरंक्षण' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के नजदीकी गांव जुण्ढर में प्राकृतिक जल स्त्रोतों व बावड़ियों की सफाई की गयी तथा लोगों को इस सम्बन्ध में जागरूक भी किया गया।

13 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के प्राध्यापक हुक्म चंद एवं ममता परमार ने बरोट के लिये 'एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण' का आयोजन किया जिसका उद्देश्य क्षेत्र विशेष की वनस्पतियों व प्राणियों का अध्ययन करना था।

14 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में कविता–पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर राज कुमार जमवाल ने हिन्दी भाषा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए उसके प्रयोग पर बल देने का भी आह्वान किया।

18 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'पोषण अभियान' के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें छात्रों द्वारा पोस्टर मेंकिग के माध्यम से जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया गया तथा एसोसिएट प्रोफेसर राज कुमार जमवाल एवं असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र जमवाल ने विद्यार्थियों को भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक भी किया।

02 अक्तूबर, 2019 को 'महात्मा गांधी जयन्ती' के अवसर पर महाविद्यालय में 'एकल उपयोग प्लास्टिक' के प्रयोग के विरूद्ध एक अभियान चलाया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे भविष्य में इस प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग बंद करेंगे तथा लोगों को भी इससे होने वाली हानियों से अवगत करवायेंगे। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर दायक

राम ठाकुर एवं एसोसिएट प्रोफेसर नीलम शर्मा ने इससे पर्यावरण को होने वाले नुकासन के प्रति छात्रों को सचेत किया।

10 अक्तूबर, 2019 को महाविद्यालय में नव–मनोनीत 'केन्द्रीय छात्र संघ' के पदाधिकारियों को कार्यकारी प्राचार्य डॉ0 कल्याण मंढोत्रा ने शपथ दिलाई गयी।

24 अक्तूबर, 2019 को महाविद्यालय के प्रांगण में 'नशा निवारण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ0 कल्याण मंढोत्रा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यकारी प्राचार्य  के साथ–साथ असिस्टेंट प्रो0 हुक्म चंद तथा डॉ0 अरूण गुलेरिया ने समाज व युवाओं में फैलती नशे के प्रवृत्ति पर अपने विचार व्यक्त किये तथा छात्रों को इससे बचने के उपाय सुझाकर इस बुराई से दूर रहने का आह्वान भी किया।

11 नवम्बर, 2019  को महाविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति मौलाना अब्दुल कलाम के जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 भारती शर्मा ने विद्यार्थियों को डॉ0 अब्दुल कलाम के जीवन की महान् उपलब्धियों पर सविस्तार से अवगत कराया।

18 नवम्बर, 2019  को महाविद्यालय में अमर उजाला एवं मण्डी पुलिस के सहयोग से 'अपराजिता 100 मिलियन स्माइलस' के तत्वावधान से 'नशा जागरूकता एवं साइबर क्राइम' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर पुनित रघु ने विद्यार्थियों को नशे और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया।

26 नवम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को याद किया गया तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 दायक ठाकुर ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ा गया।

05 दिसम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'एडस एवं नशा जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में असिस्टेंट कमिश्नर शैलजा शर्मा और ए0एम0ओ0 डॉ0 रीना कटवाल ने नशे के शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

26 दिसम्बर, 2019 को महाविद्यालय में 'अपशिष्ट प्रबन्धन' पर एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 मीना कुमारी ने विद्यार्थियों को विषय से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान की तथा इसी दिन एक अन्य कार्यक्रम 'स्किल इंडिया अवेयरनेस' के अन्तर्गत विकास अधिकारी श्री कृष्ण दत्त ने 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' के बारे में छात्रों को समुचित जानकारी प्रदान की।

28 दिसम्बर, 2019 को महाविद्यालय में इतिहास के पन्नों में दर्ज जघन्य हत्याकाण्ड की याद में 'जलियांवाला काण्ड के सौ वर्ष' पर एक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल ने इस दुखान्त हत्याकाण्ड की विस्तृत एवं यथार्थपूर्ण तस्वीर प्रस्तुत करते हुए ब्रिटिश प्रशासकों की आलोचना की।

18 फरवरी, 2020 को राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा 'मौलिक कर्तव्यों' पर परिचर्चा का आयोजन किया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 दायक ठाकुर ने भारतीय संविधान में व्यक्त मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा विभाग के छात्रों ने भी अपने वक्तव्यों एवं पोस्टरों द्वारा मौलिक कर्तव्यों के प्रति महाविद्यालय के छात्रों को जागरूक किया।

27 फरवरी, 2020 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं की विज्ञान में भूमिका पर चर्चा की गयी तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ :–

1. महाविद्यालय की बाह्य चाहरदिवारी के लिए भूमि का सीमांकन करवा कर हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को अनुमानित राशि जमा करवाने के पश्चात् इसका कार्य भी शुरू हो चुका है जो आजकल प्रगति पर है। ।
2. विज्ञान–भवन का कार्य प्रगति पर है और शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण होने वाला है।
3. महाविद्यालय परिसर में देवदार तथा औषधीय प्रजाति के हरड, बहेड़ा, कचनार, आँवला व जामुन आदि के लगभग 150 पौधों की रोपाई की गयी तथा समय–समय पर एन0एस0एस0, रोवर–रेन्जर एवं इको क्लब के सदस्यों द्वारा उनकी देखभाल भी की जा रही है।
4. माननीय उच्च न्यायालय व सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में बाहरी तत्वों के आगमन पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है।
5. सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में समय–समय पर 'नशा निवारण' व 'नारी संवेदना' सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया है।
6. क्लस्टर विश्वविद्यालय के भवन निमार्ण सम्बन्धी कार्य की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात् भवन निमार्ण सम्बन्धी कार्य शुरू कर दिया गया है।
7. सरकार के आदेशानुसार मार्च, 2019 में महाविद्यालय को 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद' (NACC) के द्वारा मूल्यांकित किया गया है।
8. महाविद्यालय में एक स्मार्ट क्लास रूम बनाया गया है जिसके द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा की आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है।
9. महाविद्यालय के सभागार को उच्च तकनीक से जोड़ा गया है जो सेमिनार व संगोष्ठी आदि के लिये उपयुक्त है।
10. महाविद्यालय के मुख्य भवन के मुख्यद्वार पर खाली जगह में लोहे की रेलिंग लगायी गयी जिससे भवन की सुरक्षा पुख्ता हुई है।

11. महाविद्यालय के मुख्य भवन की टूटी खिड़कियों, बिजली के उपकरणों एवं शौचालय आदि की मुरम्मत के कार्य पर लगभग 1,50,000 रू0 खर्च किये गये हैं।
12. भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भू–विज्ञान की प्रयोगशालाओं में नये आवश्यक उपकरणों की खरीददारी भी की गयी।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

डॉ0 कल्याण चन्द मंढोत्रा की पुस्तक 'मण्डी अंचल में प्रचलित पारम्परिक लोकनृत्य–गीत एवं लोकवाद्य' नामक शीर्षक से **ISBN : 978-81-936430-0-6,** के अन्तर्गत 'इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छतीसगढ़), यू0जी0सी0 की बाहरवीं पंचवर्षीय योजना के प्रकाशन अनुदान से प्रकाशित हुई।

एसोसिएट प्रोफेसर राज कुमार जमवाल का शोध–पत्र, 'शरद जोशी के स्तंभ–लेखों में चुनावों पर व्यंग्य' 'बोहल शोध मंजूसा' नामक शोध पत्रिका, **ISSN : 2395-7115,** अक्तूबर–दिसम्बर 2019, अंक–10, में प्रकाशित हुआ।

असिस्टेंट प्रोफेसर ममता परमार ने 30 जनवरी से 01 फरवरी, 2020 तक 'जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित **"Advances and Innovations in Agriculture and Applied Sciences-2020"** नामक विषय पर तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध–पत्र **(Poster)** प्रस्तुत किया और इस अवसर पर इन्हें **"Best Teacher Award"** से भी सम्मानित किया गया।

डॉ0 मीना कुमारी ने 22 मई, 2019 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध–पत्र **(Poster)** प्रस्तुत किया तथा 15 जून से 21 जून, 2019 को एस0 टी0 सी0 रिवालसर द्वारा आयोजित, सात दिवसीय राज्य स्तरीय बेसिक ट्रेनिंग कोर्स (रेन्जरस) में भाग लिया। इसके अलावा 19–31 अगस्त, 2019 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

डॉ0 अरुण गुलेरिया ने 08–09 अप्रैल, 2019 को 'राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली' द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में **"Impact of Globalisation on Folk Literature of Himachal Pradesh"** नामक विषय पर एवं 11–13 सितम्बर, 2019 को **ICERT Solan** द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एवं कार्यशाला में **"Approches to Translation"** नामक विषय पर तथा नव नालन्दा विश्वविद्यालय, बिहार में 23–24 फरवरी, 2020 को आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में **"The Indian Diaspora: A Historical Prespective and New Diamenion"** नामक विषय पर शोध–पत्र पढ़े। इसके साथ ही इन्होंने **"Emergence of Subaltern Consiousness in Select Indian English Novels: A Study"** नामक शीर्षक पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की एक पुस्तक भी प्रकाशित की।

अस्टिेंट प्रोफेसर सन्दीप कुमार ने 13–19 फरवरी, 2020 तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सौजन्य से दिल्ली विश्वविद्यायलय द्वारा आयोजित **"Personlity Development and Value Education "** नामक विषय पर सात दिवसीय **"Short-Term Course"** में भाग लिया।

अस्टिेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल ने 15 जून से 21 जून, 2019 को एस0 टी0 सी0 रिवालसर द्वारा आयोजित, सात दिवसीय राज्य स्तरीय बेसिक ट्रेनिंग कोर्स (रोवर्स) में भाग लिया। इसके अलावा 21 दिसम्बर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर द्वारा आयोजित ''जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के सौ वर्ष'' के उपलक्ष्य पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा ''1919 तक पंजाब की राजनीतिक स्थिति'' नामक विषय पर शोध–पत्र भी प्रस्तुत किया।

अस्टिेंट प्रोफेसर भेद राम ने 05–07 दिसम्बर, 2019 तक **" Indian Institute of Technonology Mandi"** में **"Indian Association for Social Sciences and Health"** द्वारा आयोजित **"Research Methods in Social Sciences"** नामक कार्यशाला में भाग लिया तथा इसी संस्थान द्वारा आयोजित 08–10 दिसम्बर, 2019 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में **"Analysing the Socio-economic Differentials in Out-of-Pocket (OOP) Expenditure and Coping Behaviour on Infectious Diseases in India: Evidence from 71st Round of NSSO"** नामक विषय पर शोध–पत्र भी प्रस्तुत किया।

डॉ0 अनुपम बाहरी का **"Advertizing Role in Consumer Motivation"** नामक विषय पर **"Contemporary Issues in Commerce, Management and Economics"** नामक पत्रिका में शोध–पत्र प्रकाशित हुआ तथा 20 नवंबर, 2019 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के वाणिज्य एवं प्रबन्धन अध्ययन विभाग, द्वारा पी0 एच0 डी0 की डिग्री से विभूषित किया गया।

मान्यवर,

सत्र 2019–20 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय आपको व इस महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय–समय पर जो सहयोग, स्थानीय उपमण्डलाधिकारी (नागरिक) पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बन्धुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ और मैं आशा करती हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

कार्यकारी प्राचार्य, डॉ0 कल्याण मंढोत्रा जी के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति प्रदान की।

यहां पधारे प्रमुख नागरिकों एवं अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उन्हें भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करती हूँ। हमें आशा है कि आप विद्यार्थी अपनी मंजिल अवश्य पाएंगे और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रत्यनशील रहेंगे।

धन्यवाद !

जय हिन्द ! जय हिमाचल !